# CHAPTER-IV

# AIACE IN MEDIA

दैनिक भास्कर

## कोरबा 25-10-2021

**बैठक** • नियमों का सरलीकरण की मांग मांगे पूरी नहीं होने से पेंशनरों में बढ़ी नाराजगी

# पेंशन बढ़ोतरी नहीं की, आश्रितों के भुगतान की अड़चन भी बरकरार, आंदोलन की तैयारी

भास्कर न्यूज़ | कोरबा

सेवानिवृत्त कोयला अधिकारी-कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने, फंड मजबूत करने उचित कदम उठाने, कर्मचारियों व अधिकारियों की आश्रित पत्नियों के लिए पेंशन सुचारू करने नियमों के सरलीकरण की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इसको देखते हुए ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्सक्यूटिव (एआईएसीई) पेंशन बढ़ोत्तरी सहित सरलीकरण की मांग को लेकर आंदोलन की तैयारी कर रही है। सभी कंपनियों व क्षेत्रों के पेंशनरों को एकजुट कर दिल्ली में क्रमिक भूख हड़ताल आयोजित करने की तैयारी है। मांगों को लेकर आगामी फरवरी में आंदोलन किया जाएगा। एसईसीएल क्षेत्र के अलावा कोल इंडिया के अलग-अलग अनुषांगिक कंपनियों में क्षेत्र के पदाधिकारियों को एकजुट किया जा रहा है। इसके लिए पेंशनर्स की बैठक हो रही है। इसी कड़ी में पुर्वोत्तर शाखा की बैठक ली गई। इसमें महासचिव, सह-संयोजक पीके सिंह राठौर शामिल हुए। इसमें तदर्थ समिति का गठन का निर्णय हुआ। एमसी बोरा, एडी नाथ और डॉ. आर सैकिया को इसमें कार्रवाई के लिए कहा गया है। एसोसिएशन के संयोजक और एआईएसीई के महासचिव पीके सिंह राठौर का कहना है कि पेंसनर्स के जायज मांगों को लेकर आंदोलन की योजना बना रहे है। कोल इंडिया के कर्मचारियों-अधिकारियों को मिलने वाली सीएमपीएफ फंड की राशि कम हो रही है। अधिकारी व कर्मचारी जितनी राशि का योगदान कर रहे हैं। उससे ज्यादा रिटायर कर्मियों को भुगतान हो रहा है। कोल उत्पादन का प्रति टन 10 रुपए पेंशन मद में देता है।



बैठक में उपस्थित कोल पेंशनर।

### एनपीएस पर ब्याज का नहीं हुआ भुगतान

संगठन ने कहा कि एनपीएस के ब्याज के रुपए में सेवानिवृत्त कोयला अधिकारियों की एक बड़ी राशि फंड का प्रबंधन करने वाले संस्थानों के पास है। सदस्यों के लाखों रुपए ब्याज की राशि जमा है, जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे सेवानिवृत्त अधिकारियों में निराशा है। इसको देखते हुए अब सीआईएसीई की ओर से चेतावनी दी गई है कि अगर प्रबंधन एनपीएस का ब्याज देने में विफल रहता है, तो इसको लेकर कोर्ट का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे।

### डिजिटल मेडिकल कार्ड जारी किया जाए

संगठन की बैठक में कोल पेंशनरों के मेडिकल सुविधा को लेकर भी चर्चा की गई है। बैठक में सदस्यों ने कहा कि जिस तरह से कंपनी में कार्यरत अधिकारियों को डिजिटल मेडिकल कार्ड प्रदान किया जा रहा है। एआईएसीई ने मांग की है कि सभी सेवानिवृत्त लोगों को इसी तरह का डिजिटल कार्ड जारी होना चाहिए।

इसमें कई कंपनियों ने अपना योगदान दिया है, पेंशन फंड को कमी को देते हुए सभी कंपनियों को योगदान के लिए निर्देश दिया था। पेंशन व पीएफ फंड की स्थिति को लेकर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी भी इस पर चिंता जता चुका है। कोयला अधिकारियों के संगठन एआईएसीई ने पहले ही सीएमपीएफ संगठन को सुझाव दिया है कि पेंशन फंड के कोष को मजदूर करने उचित कदम उठाया जाए। इसका सुझाव सीआईएल, एससीसीएल व सीएमपीएफ ट्रस्टियों को भेजा है।

# कोल पेंशनरों का जीवन प्रमाण-पत्र जमा कराने शिविर 1 से 5 नवंबर तक

कोरबा| कोल इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों के जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने कोल इंडिया पेंशनर एसोसिएशन व ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जीक्यूटिव कोरबा क्षेत्र की ओर से अलग-अलग क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया है, जहां पर पेंशनर अपने पीपीओ, नंबर बैंक, पास बुक व आधार कार्ड साथ लाकर और 70 रुपए जमा कर जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन भेज सकेंगे। ऑल इंडिया कॉल पेंशनर एसोसिएशन के महासचिव केएल कुर्रे और सचिव एसपी पटनायक ने बताया शिविर का आयोजन 1 नवंबर को कोरबा एरिया रीक्रिएशन क्लब, 2 को कुसमुंडा विकासनगर पूजा पंडाल, 3 नवंबर को बांकीमोंगरा पोस्ट ऑफिस के पास, 4 को गेवरा परियोजना गेवरा स्टेडियम के पास और 5 नवंबर को दीपका परियोजना के दीपका कांप्लेक्स के पास सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# शिविर: पहले दिन बना 84 कोल पेंशनरों का लाइफ सर्टिफिकेट

## कुसमंडा विकासनगर पूजा पंडाल के पास शिविर आज

भास्कर न्यूज़ | कोरबा

कोल इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों के जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोल इंडिया पेंशनर एसोसिएशन व ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव अलग-अलग क्षेत्र में शिविर का आयोजन कर रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार को कोरबा एरिया रिक्रिएशन क्लब में शिविर का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में कोल पेंशनर उपस्थित हुए। सुबह 9 बजे से आयोजित शिविर में करीब 84 लोगों ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया। इस आयोजन में संगठन के कोरबा एरिया के पदाधिकारी केएल कुर्रे व एसपी पटनायक का विशेष योगदान रहा। शिविर में पेंशनर अपने पीपीओ, बैंक पासबुक, व आधार कार्ड साथ लाकर व 70 रुपए जमा कर जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन भेज रहे हैं। शिविर का आयोजन 2 नवंबर को कुसमुंडा विकासनगर पूजा पंडाल, 3 नवंबर को बाकी मोगरा पोस्ट ऑफिस के पास, 4 नवंबर को गेवरा परियोजना गेवरा स्टेडियम के पास और 5 नवंबर को दीपका परियोजना के दीपका कांप्लेक्स में आयोजित किया जाएगा।

# कोल पेंशनर्स के लिए 179 लोगों ने बनवाया लाइफ सर्टिफिकेट

**कोरबा**| ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव व ऑल इंडिया कोल पेंशनर एसोसिएशन कोरबा परिक्षेत्र व इंडिया पोस्टल बैंक के सौजन्य से कोरबा एरिया के कई क्षेत्रों में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने कैंप का आयोजन 6 नवंबर तक किया। इसमें बड़ी संख्या में कोल कंपनी एसईसीएल से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए और लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया। संगठन के कुसमुंडा क्षेत्र महासचिव केएल कुर्रे ने बताया कि कोरबा क्षेत्र में आयोजित पहले दिन के कैंप में 84 लोगों ने लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया था। 2 नवंबर को कुसमुंडा क्षेत्र में आयोजित कैंप में 55 लोगों ने सर्टिफिकेट बनवाया। इसी तरह 3 नवंबर को बांकीमोंगरा क्षेत्र में 20 और गेवरा-दीपका क्षेत्र में 20 लोगों ने लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया। अभी और कोल पेंशनर्स बचे हुए हैं। ऐसे में जरूरत पड़ने पर फिर से शिविर आयोजित किया जा सकता है। संघ के प्रधान महासचिव पीके सिंह राठौर ने कहा कि संगठन की कोशिश है कि कोल पेंशनरों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास हो, ताकि पेंशन चालू करने हर साल जमा करने वाला लाइफ सर्टिफिकेट सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी आसानी से बना सकें।

# शिविर लगाकर 189 पेंशनर्स का बनाया लाइफ सर्टिफिकेट

कोरबा. ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव व ऑल इंडिया कोल पेंशनर एसोसिएशन कोरबा परिक्षेत्र व इंडिया पोस्टल बैंक के सौजन्य से लगाए गए शिविर का पेंशनर्स ने फायदा उठाया. कोरबा एरिया के कई क्षेत्रों में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने कैंप का आयोजन 6 नवंबर तक किया. इसमें बड़ी संख्या में कोल कंपनी एसईसीएल से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए और लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया.

संगठन के कुसमुंडा क्षेत्र महासचिव के एल कुर्रे ने बताया कि कोरबा क्षेत्र में आयोजित पहले दिन के कैंप में 84 लोगों ने लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया था. 2 नवंबर को कुसमुंडा क्षेत्र में आयोजित कैंप में 55 लोगों ने सर्टिफिकेट बनवाया. इसी तरह 3 नवंबर को बांकीमोंगरा क्षेत्र में 20 और गेवरा-दीपका क्षेत्र में 20 लोगों ने लाइफ सर्टिफिकेट बनवाया. अभी और कोल पेंशनर्स बचे हुए हैं. ऐसे में जरूरत पड़ने पर फिर से शिविर आयोजित किया जा सकता है. संघ के प्रधान महासचिव पीके सिंह राठौर ने कहा कि संगठन की कोशिश है कि कोल पेंशनरों को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास हो.

आसनसोल **आर्थिक धारा**
मंगलवार, 07 दिसंबर, 2021
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष चतुर्थी

## एआईसीपीए, एआईएसीइ का सम्मेलन आयोजित



**आसनसोल :** सोमवार को ऑल इंडिया कोल पेंशनर एसोसिएशन (एआईसीपीए) और ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव (एआईएसीइ) की आसनसोल एक के सिटी शाखा का सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गौरव रंजन पाल ने कहा कि सम्मेलन करने का मुख्य उद्देश्य पेंशन रिविजन और विधवा पेंशन के मुद्दे पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि विधवा को पेंशन को लेकर बहुत परेशान किया जाता है। विधवा पेंशन भी बैंक के माध्यम से भुगतान किया जाये। मेडिकल ट्रीटमेंट को कैशलेस किया जाये और उसका भुगतान 45 से 60 दिनों के अंदर किया जाये। अवकाश पाने वाले एग्जीक्यूटिव और 20 साल पहले अवकाश पाए अधिकारी के पेंशन में काफी अंतर है। उन्होंने कहा कि हर तीन वर्षों के अंदर पेंशन का रिविजन किया जाये।

**रांची एक्सप्रेस**
रांची, रविवार, 26 दिसंबर, 2021
**राजधानी** 3
epaper.theranchiexpress.com

# ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जीक्यूटिव्स की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

रांएसं

**रांची :** ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जीक्यूटिव्स (एआईएसीई) द्वारा शनिवार कटहल मोड़ रांची स्थित एकलव्य बैंक्वेट हॉल में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इकबाल आलम ने किया। बैठक में रांची, जमशेदपुर, धनबाद, आसनोल एवं रामगढ़ के सदस्य शामिल हुए। संक्षिप्त परिचय के बाद एसएस रे, डॉ. अमंद सिंह, एके सिंह, रत्नेश कुमार, बीबी राय, भरत सिंह, एससी जोशी ने अन्य सदस्यों के साथ एजेंडावार चर्चा की। एचके सिन्हा, पीके सिन्हा और अन्य ने बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एआईएसीई एवं ऑल इंडिया कोल पेंशनर एसोसिएशन के संयोजक पीके सिंह राठौर उपस्थित थे। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत किया और आशा व्यक्त किया कि उनके समर्पित प्रयासों से एआईएसीई सदस्यों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगा। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थानांतरण नीति और इसके कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने सदन को सूचित किया कि एआईएसीई अपने सदस्यों के लिए मई 2022 से परोपकारी निधि योजना लागू करने जा रहा है, जिसमें किसी भी सदस्य की मृत्यु के मामले में एसोसिएशन मृतक अधिकारियों के पति या पत्नी को 10000 रूपए का भुगतान करेगा। उन्होंने बताया कि यह एसोसिएशन का अनूठा तरीका है, जिससे स्थानीय सदस्य शोक संतप्त परिवार के पास सांत्वना के लिए पहुंचेंगे और उक्त राशि सौंप देंगे। श्री राठौर ने बताया कि पेंशन संशोधन के मुद्दे पर अखिल भारतीय कोयला पेंशनभोगी संघ के बैनर तले एआईएसीई के सदस्य 22 अप्रैल को जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे और सदस्यों को दिल्ली पहुंचने के लिए प्रेरित करने के लिए सभी स्थानों का दौरा करेंगे। उन्होंने सदन को सूचित किया कि एआईए और एआईसीपीए की रांची टीम कल रांची के सांसद संजय सेठ से मिलने जा रही है और वह सीएमपीएस, 1998 के तहत पेंशन बढ़ाने के संबंध में ज्ञापन सौंपेगी।



**AIACE / AICPA Ranchi- Jamshedpur Branch Meeting on 25 December 2022 coverage in local newspaper Lokatantra Bharat, Ranchi.**

# ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जीक्यूटिव्स की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

**संवाददाता**




रांची : ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एक्जीक्यूटिव्स (एआईएसीई) द्वारा शनिवार कटहल मोड़ रांची स्थित एकलव्य बैंक्वेट हॉल में बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इकबाल आलम ने किया। बैठक में रांची, जमशेदपुर, धनबाद, आसनोल एवं रामगढ़ के सदस्य शामिल हुए। संक्षिप्त परिचय के बाद एसएस रे, डॉ. अमंद सिंह, एके सिंह, रत्नेश कुमार, बीबी राय, भरत सिंह, एससी जोशी ने अन्य सदस्यों के साथ एजेंडावार चर्चा की। एचके सिन्हा, पीके सिन्हा और अन्य ने बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में एआईएसीई एवं ऑल इंडिया कोल पेंशनर एसोसिएशन के संयोजक पीके सिंह राठौर उपस्थित थे। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत किया और आशा व्यक्त किया कि उनके समर्पित प्रयासों से एआईएसीई सदस्यों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगा। उन्होंने कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थानांतरण नीति और इसके कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने सदन को सूचित किया कि एआईएसीई अपने सदस्यों के लिए मई 2022 से परोपकारी निधि योजना लागू करने जा रहा है, जिसमें किसी भी सदस्य की मृत्यु के मामले में एसोसिएशन मृतक अधिकारियों के पति या पत्नी को 10000 रूपए का भुगतान करेगा। उन्होंने बताया कि यह एसोसिएशन का अनूठा तरीका है, जिससे स्थानीय सदस्य शोक संतप्त परिवार के पास सांत्वना के लिए पहुंचेंगे और उक्त राशि सौंप देंगे। श्री राठौर ने बताया कि पेंशन संशोधन के मुद्दे पर अखिल भारतीय कोयला पेंशनभोगी संघ के बैनर तले एआईएसीई के सदस्य 22 अप्रैल को जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे और सदस्यों को दिल्ली पहुंचने के लिए प्रेरित करने के लिए सभी स्थानों का दौरा करेंगे। उन्होंने सदन को सूचित किया कि एआईए और एआईसीपीए की रांची टीम कल रांची के सांसद संजय सेठ से मिलने जा रही है और वह सीएमपीएस, 1998 के तहत पेंशन बढ़ाने के संबंध में ज्ञापन सौंपेगी।

रांची, रविवार 26.12.2021 | **प्रभात खबर** | 02

## जंतर-मंतर पर धरना देंगे रिटायर कोल अफसर

**रांची.** ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव (एआइएसीइ) और ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआइसीपीए) की बैठक शनिवार को राजधानी में हुई. इसमें तय किया गया कि रिटायर अधिकारी अगले साल अप्रैल माह में दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे. अधिकारी पेंशन पुनरीक्षण की मांग लेकर आंदोलन करेंगे. अधिकारियों ने कहा कि आज भी कोल इंडिया के कई पेंशनधारियों को 10 हजार रुपये से भी कम पेंशन मिलती है. यह आजीविका के लिए पर्याप्त नहीं है. कई बार सरकार से पेंशन पुनरीक्षण का आग्रह किया गया. बैठक में तय किया गया कि एसोसिएशन के किसी सदस्य का निधन होगा, तो उनके आश्रित को 10 हजार रुपये की तत्काल सहायता दी जायेगी. अतिथियों का स्वागत पीके सिंह राठौड़ ने किया. सीपीआरएमएसइ और चिकित्सा सुविधा को लेकर संशय को दूर किया गया. एसोसिएशन ने तय किया कि रांची कमेटी के सदस्य सांसद संजय सेठ से मिल कर समस्याओं की जानकारी देंगे.

ସମାଜ
The Samaja

# କୋଲ୍ ପେନ୍‌ସନର ସଂଘ ପକ୍ଷରୁ ସାଂସଦଙ୍କୁ ସ୍ମାରକପତ୍ର




ତାଳଚେର,୧୦।୧(ନି.ପ୍ର): ସର୍ବଭାରତୀୟ କୋଲ୍ ପେନସନର ଆସୋସିଏସନ୍ ପକ୍ଷରୁ ବିଭିନ୍ନ ସମସ୍ୟା ନେଇ ସୋମବାର ଏକ ସ୍ମାରକପତ୍ର ଢ଼େଙ୍କାନାଳ ସାଂସଦ ମହେଶ ସାହୁଙ୍କୁ ପ୍ରଦାନ କରାଯାଇଛି। କୋଇଲା ଖଣିରେ କାର୍ଯ୍ୟରତ ସମସ୍ତ ଅବସରପ୍ରାପ୍ତ ପେନ୍‌ସନଭୋଗୀଙ୍କୁ ଉପଯୁକ୍ତ ପେନସନ, ଭତ୍ତା ବୃଦ୍ଧି କରାଯିବା ସହ ସେମାନଙ୍କର ଥିବା ସମସ୍ୟାଗୁଡ଼ିକ କିଭଳି କୋଇଲା ମନ୍ତ୍ରଣାଳୟରେ ସମାଧାନ କରାଯିବ ସେଥିନେଇ ସାଂସଦ ଉପଯୁକ୍ତ ପଦକ୍ଷେପ ନେବା ପାଇଁ ପ୍ରତିନିଧି ଦଳ ତାଙ୍କୁ ଅନୁରୋଧ କରିଥିଲେ। ପ୍ରତିନିଧି ଦଳରେ ଶୁକଦେବା ଦାସ, ଏସ୍‌ଏନ୍ ପରିଡ଼ା, ଆରସି ବେହେରା, ସର୍ବେଶ୍ୱର ସାହୁ, ଯୋଗେଶ୍ୱର ଭୂତିଆ, ବେଣୁଧର ଦେବତା, ପ୍ରସନ୍ନ ମିଶ୍ର, କେଆର ଚୌଧୁରୀ, ଏସ୍‌ବି ରାୟ ଓ ସମୀର ଘୋଷ ପ୍ରମୁଖ ଉପସ୍ଥିତ ଥିଲେ। ସାଂସଦସ୍ମାରକପତ୍ରକୁ ଗ୍ରହଣ କରିବା ସହିତ ଏହାର ସମାଧାନ କରିବା ପାଇଁ କେନ୍ଦ୍ର କୋଇଲା ମନ୍ତ୍ରଣାଳୟ ସହିତ ଆଲୋଚନା କରିବେ ବୋଲି ପ୍ରତିଶ୍ରୁତି ଦେଇଥିଲେ।

**Submission of Memorandum to Sri Mahesh Sahu, MP, Dhenkanal (Odisha) by AICPA Delegation**

RNI Regd. No. ODIODI/2010/39353
Volume - 12, Issue -234
ଭାଗ-୧୨, ସଂଖ୍ୟା-୨୩୪
Tuesday 11 January, 2022
ମଙ୍ଗଳବାର ୧୧ ଜାନୁଆରୀ, ୨୦୨୨
BHUBANESWAR
ଭୁବନେଶ୍ୱର
Rs. 2.00, Page- 8
ମୂଲ୍ୟ : ଟ.୨.୦୦, ପୃଷ୍ଠା-୮
mallharodiadaily@gmail.com

ମଲ୍ଲାର
MALLHAR
ଭୁବନେଶ୍ୱରରୁ ପ୍ରକାଶିତ
ଆପଣଙ୍କ ସ୍ୱର
"ଓଂ ନୀଳାଚଳ ନିବାସାୟ ନିତ୍ୟାୟ ପରମାତ୍ମନେ । ବଳଭଦ୍ର ସୁଭଦ୍ରାଭ୍ୟାଂ ଜଗନ୍ନାଥାୟ ତେ ନମଃ ।।"

STAY HOME SAVE A LIFE

ପୃଷ୍ଠା-୫

# ଅବସରପ୍ରାପ୍ତ କୋଇଲା ଖଣି କର୍ମଚାରୀ ମାନଙ୍କର ପେନସନ ରିଭିଜନ ସକାଶେ ସାଂସଦଙ୍କୁ ଦାବିପତ୍ର




ଅନୁଗୁଳ,(ଏମ୍‌ଏନ୍‌ଏସ୍): ରବିବାର ଅଲ ଇଣ୍ଡିଆ କୋଲ ଏକ୍ସିକ୍ୟୁଟିଭ ଆସୋସିଏସନ (ଏ. ଆଇ. ଏ. ସି. ଇ) ତଥା ଅଲ ଇଣ୍ଡିଆ କୋଲ ପେନସେନର ଆସୋସିଏସନ (ଏ. ଆଇ. ସି. ପି. ଏ) ଏକ ପ୍ରତିନିଧି ଦଳ ସର୍ବଶ୍ରୀ ଶୁକଦେବ ଦାଶ , ଏସ ଏନ ପରିଡ଼ା , ଆର ସି ବେହେରା , ଏସ ବି ରାୟ , କେ ଆର ଚୌଧୁରୀ , ସର୍ବେଶ୍ୱର ସାହୁ, ଯୋଗେଶ୍ୱର ଭୁତିଆ , ବେଣୁଧର ଦେବତା, ପ୍ରସନ୍ନ ମିଶ୍ର, ସମିର ଘୋଷ ଆଦି ସାଂସଦ ଶ୍ରୀଯୁକ୍ତ ମହେଶ ସାହୁଙ୍କୁ ଭେଟି ଅବସର ପ୍ରାପ୍ତ କୋଇଲା ଖଣି କର୍ମଚାରୀ ମାନଙ୍କର ପେନସନ ରିଭିଜନ ସକାଶେ ଏକ ସ୍ମାରକ ପତ୍ର ପ୍ରଦାନ କରିଛନ୍ତି । ସାଂସଦ ଶ୍ରୀଯୁକ୍ତ ସାହୁ ଏହା ପ୍ରତି ସମବେଦନା ଜଣାଇବା ସହିତ ଦୃଢ ବିଚାର କରିବା ପାଇଁ ଆଶ୍ୱାସନା ଦେଇଛନ୍ତି ।

**Submission of Memorandum to Sri Mahesh Sahu,**
**MP, Dhenkanal (Odisha) by AICPA Delegation**




# ପେନସନ ରିଭିଜନ ପାଇଁ ଖଣି କର୍ମଚାରୀଙ୍କ ଦାବି



ତାଳଚେର : କୋଇଲା ଖଣିରେ କାର୍ଯ୍ୟ କରି ଅବସରଗ୍ରହଣ କରିଥିବା କର୍ମଚାରୀ ଓ ଅଧିକାରୀଙ୍କ ପେନସନ ରିଭିଜନ ପାଇଁ ଦାବି କରାଯାଇଛି । ଦୀର୍ଘ ଦିନ ଧରି ସେମାନଙ୍କର ଏହି ସମସ୍ୟା ଲାଗି ରହିଥିଲା ବେଳେ ଅବସରପ୍ରାପ୍ତ ପେନସନ ଭୋଗୀଙ୍କୁ ସେମାନଙ୍କ ଭ । ବୃଦ୍ଧି କରାଯିବା ସହ ସମସ୍ୟା ସମାଧାନ ଦିଗରେ ପଦକ୍ଷେପ ଗ୍ରହଣ କରିବାକୁ ଆଜି ଢ଼େଙ୍କାନାଳ ସାଂସଦ ମହେଶ ସାହୁଙ୍କୁ ସାକ୍ଷାତ କରି ଏ ସମ୍ପର୍କରେ ଏକ ସ୍ମାରକପତ୍ର ପ୍ରଦାନ କରାଯାଇଛି । ସର୍ବଭାରତୀୟ କୋଇଲା ପେନସନର ସଂଘ ପକ୍ଷରୁ ଆଜି ଏକ ପ୍ରତିନିଧି ମଣ୍ଡଳୀ ସାଂସଦଙ୍କ ସହ ଆଲୋଚନା କରି କୋଇଲା ମନ୍ତ୍ରଣାଳୟରେ ଏ ବିଷୟରେ ଉପସ୍ଥାପନା କରାଯିବା ପାଇଁ ଅନୁରୋଧ କରାଯାଇଥିଲା । ସର୍ବଶ୍ରୀ ଶୁକଦେବ ଦାସ, ଏସ୍ଏନ୍ ପରିଡ଼ା, ଆରସି ବେହେରା, ଏସ୍‌ବି ରାୟ, କେଆର ଚୌଧୁରୀ, ସର୍ବେଶ୍ୱର ସାହୁ, ଯୋଗେଶ୍ୱର ଭୂତିଆ, ବେଣୁଧର ଦେବତା, ପ୍ରସନ୍ନ ମିଶ୍ର ଓ ସମୀର ଘୋଷ ପ୍ରମୁଖଙ୍କ ସମେତ ସଂଘର ସଦସ୍ୟମାନେ ସ୍ମାରକପତ୍ର ପ୍ରଦାନ ବେଳେ ଉପସ୍ଥିତ ଥିଲେ । ସାଂସଦ ଶ୍ରୀ ସାହୁ କେନ୍ଦ୍ର କୋଇଲା ମନ୍ତ୍ରଣାଳୟ ସହ ସମସ୍ୟା ସମ୍ପର୍କରେ ଆଲୋଚନା କରି ବିହିତ ପଦକ୍ଷେପ ଗ୍ରହଣ କରିବାକୁ ପ୍ରତିଶ୍ରୁତି ଦେଇଥିଲେ ।

**Submission of Memorandum to Sri Mahesh Sahu, MP, Dhenkanal (Odisha) by AICPA Delegation**